योगी आदित्यनाथ के पिताजी का हाल जानते मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने जाना योगी के पिता का हाल

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिताजी आनंद सिंह बिष्ट जी व भतीजी अर्चना के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### पत्रकार नरेंद्र सेठी को मातृ शोक

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र एस सेठी की माता जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत की आत्मा की शान्ति एवं दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**(संवाददाता)** देहरादून। नेपाली मूल के एक युवक ने देर रात अलसी छानी में कमरे के कुंडे का फंदा बनाकर फांसी लगा दी। राजस्व पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर त्यूणी अस्पताल में रखा है। युवक की पहचान महेन्द्र पुत्र रामू उर्फ राम बहादुर के रूप में हुई है। नेपाली मूल का महेन्द्र 21वर्ष पिछले लंबे समय से अलसी छानी में निवास कर रहा था। युवक मजदूरी कर अपना और परिवार का भरण पोषण कर रहा था। लेकिन, देर रात युवक ने अपने कमरे के कुंडे पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### खेल महाकुंभः दून को तीरंदाजी में स्वर्ण सहित 9 पदक

**(संवाददाता)** देहरादून। खेल महाकुंभ के अंतर्गत राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बुधवार को देहरादून को 3 स्वर्ण पदक सहित 9 पदक हासिल हुए।
महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में बुधवार को अंडर–17 बालक, अंडर–14 बालक और अंडर–14 बालिका वर्ग की प्रतियोगिता हुई। अंडर–14 बालिका वर्ग की 20 मीटर इंडियन राउंड में देहरादून की अमीषा सेमवाल ने स्वर्ण, अनुष्का बिजल्वाण ने रजत, दिया कठैत ने कांस्य पदक जीता।

### खरोला के भाई के निधन पर कांग्रेस में शोक

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिह ने प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजपाल खरोला के भाई के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। राजपाल खरोला के ऋषिकेश स्थित निवास पर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिह ने अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए उनके परिजनों को सांत्वना दी। प्रीतम सिंह ने कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार इस दुःख की घडी में उनके साथ है।

## पांचवीं–आठवीं में पास होने का मिलेगा और एक मौका

**कैबिनेट की बैठक**

कैबिनेट की बैठक में 10 प्रस्तावों पर मुहर | तीन प्रस्तावों को आगामी बैठक में विचार के लिए रखा लम्बित

**कैबिनेट के प्रमुख फैसले**

- पांचवीं और आठवीं कक्षाओं में फेल नहीं करने की बाध्यता खत्म, उत्तराखंड निश्शुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली में संशोधन को मंजूरी, हजारों सरकारी–निजी स्कूलों में नई व्यवस्था होगी लागू
- निजी नाप भूमि पर खनन के पट्टे देने की प्रक्रिया का सरलीकरण। खनन पट्टे देने का अधिकार अब सरकार की जगह डीएम को मिला
- कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में 377.87 वर्ग किमी ईको सेंसिटिव जोन को मंजूरी, जोन से बाहर किए सभी गांव
- गैरसैंण में विधानसभा का चार दिनी बजट सत्र कराने पर मुहर

**(संवाददाता)**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में सम्पन्न हुई कैबिनेट की बैठक में 13 प्रस्तावों पर विचार किया गया। जिसमें से 10 प्रस्तावों पर कैबिनेट द्वारा स्वीकृति की मोहर लगा दी गयी है जबकि तीन प्रस्तावों को आगामी बैठक में विचार के लिए लम्बित रखा गया है। प्रदेश में पांचवीं और आठवीं कक्षाओं में छात्र–छात्राओं को फेल नहीं करने और अगली कक्षाओं में भेजने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। हालांकि, फेल छात्र–छात्राओं को पास होने के लिए दो महीने के भीतर दोबारा एक अवसर दिया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड निरूशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) नियमावली–2019 में संशोधन के फैसले पर बुधवार को राज्य मंत्रिमंडल ने मुहर लगा दी। यह व्यवस्था प्रदेश में हजारों की संख्या में सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू होगी।

अन्य अहम फैसलों में मंत्रिमंडल ने पूरे प्रदेश के निजी नाप भूमि में खनन या चुगान के पट्टाधारकों को राहत दी है। उन्हें खनन पट्टे देने की प्रक्रिया सरल की गई है। वहीं कार्बेट टाइगर रिजर्व में 377.87 वर्ग किमी क्षेत्र को ईको सेंसिटिव जोन घोषित करने पर मुहर लगाई गई। साथ ही इस जोन के दायरे से सभी 47 गांव बाहर किए गए हैं।

त्रिवेंद्र सिंह रावत मंत्रिमंडल की बुधवार को सचिवालय में हुई बैठक में कुल 13 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। 10 बिंदुओं पर निर्णय लिए गए, जबकि तीन बिंदुओं पर मंत्रिमंडल की अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा। इसमें दो मामलों को मंत्रिमंडल उपसमितियों के सुपुर्द किया गया। सरकार के प्रवक्ता व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने बताया कि आगामी बजट सत्र तीन से छह मार्च तक गैंरसैंण में होगा। सत्र की अवधि को स्पीकर से चर्चा के बाद बढ़ाया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रदेश में पांचवीं और आठवीं में छात्र–छात्राओं को फेल नहीं करने और उन्हें अगली कक्षाओं में प्रोन्नत करने की पुरानी व्यवस्था खत्म करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार इस संबंध में 10 जनवरी, 2019 को आरटीई एक्ट में संशोधन कर चुकी है। राज्यों को भी यह व्यवस्था लागू करने को कहा गया है। इस वजह से राज्य सरकार ने भी अपनी आरटीई नियमावली की धारा–16 में संशोधन करने का निर्णय लिया।

मंत्रिमंडल ने यह निर्णय लिया है कि प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के आखिर में कक्षा पांच और कक्षा आठ में नियमित परीक्षा में फेल होने पर छात्र–छात्राओं को अतिरिक्त पढ़ाई कराई जाएगी। परीक्षा परिणाम घोषित करने की तारीख से दो माह के अंतर्गत फेल छात्र–छात्राओं को दोबारा परीक्षा का मौका दिया जाएगा।

### महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत बुधवार को घनसाली विधानसभा क्षेत्र के चामेश्वर महादेव मन्दिर में 12 वर्षो में आयोजित होने वाले महायज्ञ में शामिल हुए तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने शिवपुरी महड़ के निकट नील एवं नैलचामी नदियों के संगम पर 93 लाख रूपये लागत से घाट निर्माण, थात से खैट तक सड़क निर्माण के साथ ही 4 किमी कोट चौंदार मोटरमार्ग एवं पोखार गेंवली मोटरमार्ग निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घनसाली क्षेत्र में कृषि विकास की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत सिंचाई एवं लघु सिंचाई योजनाओ के निर्माण के लिए पर्याप्त धन मुहैया कराया जायेगा। उन्होने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के इन तीन वर्षो में एक भी घोटाला नहीं होने दिया है। यदि भ्रष्टाचार की कोई शिकायत सामने आयी तो सम्बन्धित कर्मी के खिलाफ कडी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी पारदर्शिता से विकास कार्यो का हिसाब–किताब जनता को दे रही है आगामी दो वर्षो में विकास के अवशेष कार्य पूरे कर लिये जायेंगे।

## भूकम्प के झटकों से दहला दून

**मॉकड्रिल**

- भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.7 पाई गई

देहरादून। **सवांददाता**



भूकम्प मॉकड्रिल में कुछ यूं नजर आये जिलाधिकारी।

राजधानी देहरादून में बुधवार सुबह 10.40 पर भूकम्प की सूचना से सनसनी फैल गयी। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.7 पाई गई। भूकंप का केंद्र देहरादून के सेलाकुई व विकास नगर के आसपास का क्षेत्र पाया गया और भूकंप की फोकल डैप्थ 16 किमी पाई गयी। जिसके बाद जनपद देहरादून का आईआरएस (इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम) अलर्ट हो गया। भूकम्प के चलते कई स्थानों पर गैस रिसाव की भी सूचनाएं मिली। हालांकि यह प्रशासन द्वारा आपदा प्रबन्धन को लेकर किया गया माकड्रिल था। जिलाधिकारी देहरादून आशीष कुमार श्रीवास्तव (रिस्पांसिबल आफिसर) ने जनपद कंट्रोल रूम में कमान संभाली और जनपद आईआरएस सिस्टम को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जिसके बाद जनपद आपदा कंट्रोल रूम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से हुए नुकसान की जानकारी प्राप्त की गयी और तदनुसार राहत एवं बचाव कार्यो के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, लोकल पुलिस–प्रशासन सहित वालंटियर तथा स्थानीय सहयोगी कार्मिकों और रेखीय विभागों को बचाव एवं राहत कार्यो के लिए रवाना किया गया।

इस दौरान आपदा कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि भूकंप के चलते चार स्थानों पर जिनमें लिंडे कम्पनी सेलाकुई, हिमालय ड्रग्स क्लेमनटाउन और ऋषिकेश एचएनजी कम्पनी में गैस रिसाव व आग लगने की घटनाएं भी हुई है। सूचना पर यहां तत्काल राहत व बचाव दल भेजा गया।

### कांग्रेस ने दून में शुरू की जन संवाद यात्रा

**(संवाददाता)** देहरादून। महंगाई, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून व्यवस्था के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस ने दून में जन संवाद यात्रा शुरू कर दी हैं। अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि यात्रा के माध्यम से शहर के सभी 100 वार्डों में कार्यकर्ता घर–घर जाकर कांग्रेस सरकार की उपलब्धि और मौजूदा प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में लोगों को जागरुक करने का काम करेंगे। बुधवार को डीएल रोड स्थित सामुदायिक भवन में जनसंवाद यात्रा से पहले कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार को करीब तीन साल हो चुके है। बावजूद इसके महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्ट्राचार, कानून व्यवस्था जैसे विभिन्न मुद्दों पर जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं किया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।